तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गिरधारी सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखाला)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353416614919606	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20/01/25	अपीलार्थी गिरधारी सिंह निवासी प्लॉट नं. 171, विजय नगर, चौपासनी स्कूल के पास, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 13.11.2024 को पटवार मंडल केतु कला के राजस्व ग्राम केतु के खेत खसरा नंबर 351 में से खसरा नम्बर 814/351 किश्म गैर मुमकीन रास्ता दर्ज हुआ के नामांतरण की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार सेखाला) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार सेखाला) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार सेखाला) ने जरिये पत्रांक 01 दिनांक 13.01..2025 से बतलाया कि प्रार्थी को दिनांक 10.01.2025 को कार्यालय उपस्थित होने पर उन्हें सूचना का प्रतियां मय पत्रांक 92 दिनांक 12.12.2024 की प्रति उपलब्ध करवाते हुए तकनीकी समस्या का समाधान होने पर बकाया सूचना उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है परंतु लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर आंशिक सूचना बकाया होने से अपील स्वीकार कर निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा वांछित बकाया सूचना जो तकनीकी समस्या के कारण प्रार्थी को उपलब्ध नही कराई जा सकी, को नियमानुसार 15 दिवस में उपलब्ध करवाई जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by G[...]av Agrawal
Designation: Colle[...]r & District Magistrate
Date: 2025.01.2[...]4:35:23 IST
Reason: Approved